दिन–मंगलवार दिनांक– 11/06/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

नवगठित केंद्रीय मंत्रिपरिषद के कई मंत्री आज अपना कार्यभार संभाल रहे हैं। अमित शाह ने आज गृह मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सहकारिता मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला। अन्नपूर्णा देवी ने महिला और बाल विकास मंत्री का पद संभाला। शिवराज सिंह चौहान ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, गजेंद्र सिंह शेखावत ने संस्कृति मंत्रालय, हरदीप सिंह पुरी ने केंद्रीय पेट्रोलियम और गैस मंत्रालय और सुरेश गोपी ने इसी मंत्रालय के राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया। अर्जुन राम मेघवाल ने कानून और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार के रूप में कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का निपटारा उनके मंत्रालय की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विणी वैष्णव ने आज सूचना औरर प्रसारण मंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाला। वहीं, डॉक्टर एल. मुरुगन ने इसी मंत्रालय के राज्य मंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। गिरिराज सिंह ने केंद्रीय कपड़ा मंत्री, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के नेता चिराग पासवान ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। वहीं, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पंचायती राज और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के रूप में पदभार संभाला।

———————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट स्नातक दो हजार चौबीस के बाद मेडिकल कार्यक्रमों में प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने पांच मई को आयोजित नीट परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन टी ए और अन्य से जवाब मांगा है। इस मामले को एक अन्य लंबित याचिका के साथ जोड़कर अब आठ जुलाई को सुनवाई होगी। परीक्षा में कदाचार और धोखाधड़ी की शीघ्र और गहन जांच करने के लिए छात्रों द्वारा याचिका दायर की गई है। इसमें परीक्षा के नतीजों को वापस लेने और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने की भी मांग की गई है।

———————————————————

रूपौली विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए चौदह जून को अधिसूचना जारी किया जायेगा। इक्कीस जून तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे और नामांकन पत्रों

की जांच चौबीस जून को होगी। नामांकन पत्र वापसी की अंतिम तिथि छब्बीस जून निर्धारित की गयी। मतदान दस जुलाई को होगा जबकि मतगणना तेरह जुलाई को होगी। गौरतलब है कि बीमा भारती के इस्तीफे के बाद यहां उप चुनाव कराया जा रहा है।

———————————————————————

राजधानी पटना सहित प्रदेश के कई हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। उमस और झुलसाने वाली गर्मी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान भोजपुर, अरवल, रोहतास बक्सर, औरंगाबाद, नवादा, शेखपुरा और बेगूसराय समेत कई जिलों में अधिकतम तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस और उससे ऊपर दर्ज किया गया। इस अवधि में पैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर और भोजपुर प्रदेश के सबसे गर्म स्थान रहे। पटना का अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अगले बहत्तर घंटों के लिए राज्य के दक्षिण–पूर्वी भागों में कई स्थानों पर भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। इधर, स्कूली बच्चों को लू और भीषण गर्मी के प्रभाव से बचाने के लिए शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को आज से पंद्रह जून तक बंद करने का आदेश दिया है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि इस दौरान शिक्षकों को भी छुट्टी दी गयी है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के चेवाड़ा थाना क्षेत्र के चकंद्रा गांव स्थित एक घर में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर लगभग डेढ़ सौ लीटर नकली और मिलावटी ताड़ी और रसायन बरामद किया। उत्पाद अधीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि छापामारी के दौरान महिला कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। जब्त किए गए ताड़ी का सेंपल जांच हेतु पटना भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरामद ताड़ी का निर्माण नशीले रासायनिक पदार्थों से किया जा रहा था।

———————————————————————

अररिया जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत महादेव चौक पर पुलिस ने एक पिकअप वैन से मछली के हांडी के अंदर छिपाकर ले जा रहे लगभग छह सौ लीटर बीयर बरामद किया है।

———————————————————————

राजधानी पटना के दानापुर में आपसी रंजिश और जमीन विवाद मामले में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई। आक्रोशित परिजनों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

मधेपुरा जिले के सदर थाना क्षेत्र की पुलिस ने पच्चीस हजार रूपये के इनामी कुख्यात अपराधी आशीष यादव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर हत्या समेत कई संगीन अपराधों में शामिल होने का आरोप है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।